समारोह पूर्वक मनाया हिंदी दिवस

रामगंजमंडी, (निसं)।शहर के राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय में शनिवार को हिंदी दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर पुस्तकालय में काव्य पाठ भाषण निबन्ध लेखन प्रतियोगिता काव्य गोष्ठी एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहित्यविद चेतन्य प्रकाश जैन विशिष्ट अतिथि रामगोपाल राजा राष्ट्रीय अध्यक्ष महर्षि वाल्मीकि महासभा एवं मुख्य अतिथि बालाराम त्रिवेदी व जयंत राठौड़ ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्जन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।सरस्वती वंदना नीलम चंचल और नेहा द्वारा की गई।

कैलाश चंद्र राव पुस्तकालय अध्यक्ष लखविंदर सिंह कनिष्ठ सहायक हितेश चौधरी होम गार्ड द्वारा मंचासीन अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता प्रियंका मीना द्वारा उनके उद्बोधन में राजभाषा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने पर विशेष बल देते हुए हिंदी के विकास मे हो रहे विभिन्न प्रयासों की सराहना करते हुए हिंदी की आवश्यकताओं को रेखांकित किया। विभिन्न विद्यालयों से आये विद्यार्थी एवं पुस्तकालय के पाठकों द्वारा दो दिवसीय राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय रामगंजमंडी में हिंदी दिवस समारोह मनाया गया। निबन्ध प्रतियोगिता में स्थानक स्तर पर प्रथम स्थान प्रियंका मीना द्वितीय स्थान मर्जिया तृतीय स्थान प्राप्त किया।

'जल न केवल जीवन के लिए अपरिहार्य है, बल्कि प्रकृति की अमूल्य निधि है'

लोकसभा अध्यक्ष ने किया जल संरक्षण का आव्हान

कोटा, (निसं)। किशोर सागर तालाब के बारहदरी पर जिला स्तरीय जल महोत्सव का आयोजन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अपने संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि जल न केवल जीवन के लिए अपरिहार्य है, बल्कि यह प्रकृति की अमूल्य निधि है, जिसका विवेकपूर्ण उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण और उन्हें प्रदूषण से बचाना संपूर्ण मानव जाति की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने भारतीय संस्कृति की गहरी जड़ों से जुड़े जल स्रोतों के पूजन, वंदन, सम्मान और संरक्षण को रेखांकित करते हुए कहा कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल का विवेकपूर्ण उपयोग करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने जल पूजन कर उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साथ ही संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने उपस्थित जनसमूह को जल के संरक्षण, विवेकपूर्ण उपयोग और प्रदूषण से बचाने की शपथ दिलाई। कला जत्था द्वारा नाटक और नृत्य के माध्यम से जल के महत्व, उसके विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण से संबंधित जागरूकता संदेश को रोचक रूप में प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महापौर नगर निगम राजीव अग्रवाल, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष कोटा दक्षिण विवेक राजवंशी, जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक (शहर) डॉ. अमृता दुहन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक त्यागी, आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर राजपाल सिंह, मुख्य अभियंता जल संसाधन (संभाग) राजेन्द्र कुमार पारीक, अधीक्षण अभियंता रोहिताश्व कुमार जैमिनी, जल बिरादरी के बृजेश विजयवर्गीय, जिला स्तर के अधिकारी, स्कूल के छात्र और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



जिला स्तरीय जल महोत्सव का आयोजन कोटा में संपन्न हुआ।

एनएसयूआई ने शिक्षा आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

रामगंजमंडी, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के सरकारी कॉलेज के एनएसयूआई संगठन से जुड़े विभिन्न छात्र छात्राओं ने प्राचार्य संजय सिंह गुर्जर को जयपुर शिक्षा आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में छात्र छात्राओं ने बताया की कला वर्ग में 26 सालों पुराना महाविद्यालय के छात्र कला वर्ग में सीमित विषय होने के कारण छात्र मजबूरन उन्हीं विषयों में अध्ययन कर रहे है। महाविद्यालय आज भी उन्ही विषय में सीमित है। जो पहले से है जब से कॉलेज खुला था तब से महाविद्यालय दो संकाय में यूजी है। जिसमें कला वर्ग में पूर्व में जो विषय थे उन्हीं विषयों में छात्र पढ़ाई करते है अपनी स्वयं की इच्छा से अन्य विषय नहं होने के कारण छात्रों को महाविद्यालय में इतिहास भूगोल संस्कृत से ही अध्ययन करना पड़ता है। जबकि अन्य विषय नही होने के कारण छात्रों को सालों से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों की मांग है कि राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी साहित्य समाज शास्त्र अन्य विषय यहां खोले जाए जिससे रामगंजमंडी क्षेत्र के मध्यम गरीब वर्ग के छात्रों को 90 किलोमीटर दूर कोटा एवं 25 किलोमीटर दूर झालावाड़ नहीं जाना पड़े और ये विषय खुलने के बाद छात्र अपनी इच्छानुसार विषय लेकर यही अध्ययन कर सके।

सार-समाचार

फ़ैशन के बीच मनाया हिन्दी दिवस

कोटा। कुटुर इंस्टीट्यूट ऑफ फ़ैशन टेक्नोलोजी संस्थान द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष मैं "हिन्दी हैं हम" थीम के साथ इस दिवस को मनाया गया जिसके अंतर्तगत संस्था के विध्यार्थियों ईशिता मित्तल, रेहान, नूर उल्स कमर, मनीषा धाकड, टीना शर्मा, नुरीन अंसारी एवं रोशनी ने स्क्रीन प्रिंटिंग के द्वारा अपने फ़ैब्रिक पर हिन्दी के अक्षरो को प्रिंट बनाकर ड्रेसेस को तैयार किये कलेक्शन मैं कलरफूल कोटा डोरिया से स्कट्र्स ओर कॉटन के वेस्टर्न टॉप्स डिज़ाइन किए गए थे जिनहे मॉडेल्स अशमी राजवंशी, खुशी, स्वाति सिंह, शानू सैनी, शेख निखात, कैफी, मान्या श्रीवास्तव और परिधि शर्मा ने पहनकर प्रसतूत किया संस्था की डाइरेक्टर पुजा राजवंशी ने कहा कि हिन्दी का महत्व आजकल बहुत बढ़ गया है इसी कड़ी मैं संस्था द्वारा फ़ैशन के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया गया।

बीमारियों से बचने के उपाय बताए

कोटा, (निसं)। मौसमी बीमारियों से बचाव, रोकथाम को लेकर जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी के निर्देश पर जिले के स्कूलों में नो बेग डे पर नवाचार करते हुए बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को चिकित्सा विभाग के कार्मिकों ने स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को मच्छर जनित मौसमी बीमारियों से बचाव, रोकथाम के बारे में जागरूक किया। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि 445 स्कूलों में 51950 विद्यार्थियों को मच्छर के लार्वा का प्रदर्शन कर लार्वा से मच्छर बनने, मच्छरों के प्रजनन स्थल, मच्छर के जीवन चक्र, मच्छर के काटने से होने वाली बीमारियों डेंगू, मलेरिया चिकनगुनिया आदि से बचाव करने और इन बीमारियों की रोकथाम करने के बारे में जानकारी गई। इसकी जागरूकता के पैम्फलेट वितरित किए। साथ ही घर जाकर माता-पिता, अभिभावकों को यह जानकारी साझा करने व हर रविवार को घरों में सूखा दिवस मनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

सुन्दर काण्ड के पाठ हुए

कोटा, (निसं)। श्री कृष्ण मुरारी गौशाला द्वारा संचालित आपणो श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर (एसी गणेश मंदिर) पर स्थापित श्री लाल बाग के राजा के समक्ष शनिवार को सुन्दर काण्ड का आयोजन पंडित कमलकांत गौतम के सानिध्य में किया गया जिसमें हजारों श्रद्धांलुओं ने भक्तिभाव से भाग लिया तथा प्रभु के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई। समिति अध्यक्ष सतीश गोपालानी ने बताया कि सायंकालीन कार्यक्रम में भी दर्शनार्थियों ने श्री लाल बाग के राजा की आरती में भाग लिया तथा भोग प्रसादी ग्रहण की। गणेश उत्सव महोत्सव के संयोजक प्रमोद मीरचंदानी ने बताया कि रविवार को आरती उपरांत रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। मंदिर प्रभारी सुनील गेहानी ने बताया कि आम भंडारे का आयोजन किया गया है।

उद्योग महासंघ का गठन

कोटा, (निसं)। कोटा में इवेंट इंडस्ट्री से जुड़ी संस्थाओं के प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से कार्यक्रम उद्योग महासंघ की स्थापना की गई। बैठक में महासंघ के प्रमुख पदाधिकारियों का गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष रवि आहूजा, उपाध्यक्ष आयुष विजय, विकास विजय, सचिव विवेक मुंद्रा, समन्वयक केयुश सिंह, कोषाध्यक्ष मयंक को बनाया गया है। उपाध्यक्ष आयुष विजय ने बताया कि इस महासंघ का उद्देश्य कोटा में कार्यक्रमों का आयोजन कर उद्योगों को एकजुट कर नई ऊंचाइयों तक पहुंचना, उद्योगों के विभिन्न मुद्दों को सुलझाना, नवाचार को बढ़ावा देना और उद्योग के विकास में योगदान देना है।

हिन्दी दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। माँ भारती सी. से सीबीएसई स्कूल स्वामी विवेकानन्द नगर में हिन्दी दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुरूआत हिंदी शिक्षकों ने मनमोहक गीत के साथ किया साथ ही कविता के माध्यम से हिंदी का महत्व बताया। इसी दौरान कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी परीक्षा रखी गई जिसमें चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया। तत्पश्चात स्कूल निदेशक उर्वशी विजय ने कार्यक्रम की सराहना की। अंत में स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका मलिक ने हिंदी की महत्ता बताई, सभी हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

चिकित्सा शिविर संपन्न

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा सिल्वर बैल्स स्कूल में कोटा महिला होम्योपैथिक संगठन के सहयोग से निशुल्क होम्योपैथी शिविर शनिवार को आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि शिविर में लगभग 300 छात्र छात्राओं को होम्योपैथी चिकित्साकों द्वारा डेंगू बचाव के लिए होम्योपैथिक दवा दी गई।

भजन संध्या आज

कोटा, (निसं)। श्री मंगलमय चमत्कारी धाम हनुमान मंदिर विज्ञान नगर कोटा में चल रहे गणेश महोत्सव 2024 के शुभ अवसर पर, रविवार रात्रि को 8 बजे खाटू श्याम जी भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें राहुल दुबे श्याम भजन से भक्तजनों को सरोबार करेंगें।

डोल यात्रा निकाली

कोटा, (निसं)। डोल यात्रा एकादशी पर वार्ड 49 के महावीर नगर विस्तार योजना में नागरिकों ने रामेश्वर पार्क मंदिर की देव विमान यात्रा निकाली, जिसमें क्षैत्र के श्रृद्धालुओं की भीड़ ने जगह-जगह इस यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा पूजा अर्चना की।

नगर भ्रमण पर निकले ठाकुरजी

मांगरोल। स्थानीय कस्बे में एकादशी जलझूलनी एकादशमी पर सभी मंदिरों से भगवान के देव विमान नगर ब्रमण पर निकले सभी भक्तों ने भगवान के विमान पर केले फल फूल नारियल चढ़ाई ओर देव विमान कुंज चौक पर एकत्रित होकर राज मंदिर गोवर्धन नाथ जी के विमान के पीछे सभी समाज के देव विमान गाजे बाजे के साथ पुलिस प्रशासन की माकूल व्यवस्था के साथ जयश्रीराम के नारे लगाते तहसील के सामने मेला प्रांगण में पहुचे जहाँ बाणगंगा नदी किनारे सभी देव विमान का जलवा पूजन कोटा दरबार के प्रतिनिधि भंवर सिंह सिंह द्वारा किया, वही से राज मंदिर के ओर मां माता के मंदिर श्रीफल भैजा जाता है। मैले में हजारों की तादाद में सभी भक्तों ओर महिलाओं ने भगवान के दर्शन किए और स्थानीय पूर्व विधायक के प्रतिनिधि कांठोस पार्टी के सभी कार्यकर्ता , नगर मंडल अध्यक्ष महावीर पांचाल , डां सीमा , विशाल गालव स्वतत्र जैन प्रवीण शर्मा के नेतृव में देव विमान पर श्रीफल चढ़ाई वही नगर पालिका अध्यक्ष कौशल सुमन और मेल अध्यक्ष भरत चौरसिया , वही कार्यक्रताओ ने भी भगवान देव विमान श्रीफल चढाये,नगर पालिका , सहायक अभियंता भुनेश भावेश ,कनिष्ट अभियंता अक्षय गालव, राजेश यादव ,सभी पार्षद ,नगर पालिका एवं क्रमचारी ने सभी देव विमान पर श्रीफल चढाये। मानव कल्याण समिति माँगरोल ने एकादशीजलझूलनी ग्यारस पर संध्या आरती मैले में सभी देवविमाण की महाआरती एक साथ की गई है। और प्रसाद वितण किया गया।

विधायक को पत्र लिखा

छीपाबडौद। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल द्वारा विधायक प्रताप सिंह सिंघवी को युवा मोर्चा अध्यक्ष नवल मेहता ने पत्र लिखकर अवगत करवाया कि छबड़ा विधानसभा क्षेत्र सहित छीपाबड़ौद तहसील क्षेत्र में गत दिनों भारी बारिश के कारण जगह जगह पानी भरा हुआ हैं जिसके चलते डेंगू के मच्छर पनप रहे हैं। चिकित्सा विभाग के द्वारा डेंगू, मलेरिया जेसी मोसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए अभी तक कोई प्रभावी कार्यवाही नही की जा रही हैं। गत दिनों हरनावदा जागीर गांव में सोजीराम गुर्जर उम्र (34)वर्ष एवं उसी घर में सुहाना गुर्जर उम्र (14) वर्ष की डेंगू के कारण आकस्मिक मृत्यु हो गई है। जिससे ठाम हरनावदा जागीर सहित क्षेत्र में डेंगू के प्रकोप का भय बना हुआ है। चिकित्सा विभाग एवं प्रशासन को दिशा निर्देश जारी कर डेंगू के बढ़ते प्रकोप पर रोकथाम के लिए फॉगिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं करवाने की मांग की।

दो दर्शन देव विमानों की विराट भव्य शोभायात्रा निकाली

अंता। डोल मेला जल झूलनी एकादशी पर शनिवार को अंता में दो दर्शन देव विमानों की विराट भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसे देखने के लिए अपार जनसमूह उमड पडा।अजीतपुरा बालाजी परिसर से विभिन्न अखाड़े एकत्रित होकर सायं काल चार बजे बाद रवाना हुए। सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम से कोटा बारां रोड होते हुए सीसवाली तिराहे से बमोरी बालाजी धाम के पास स्थित नदी पर देवविमानो का जलवा पूजन विधि विधान पूर्वक किया गया, उसके पश्चात सभी देव विमानों की महा आरती की गई।

देव विमानों के दर्शन को लेकर दर्शकों से कोटा बारां रोड पूरी तरह खचाखच भरा था। पैर रखने तक की जगह भी नहीं थी। देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर मकानों की छतों और झरोखों में महिला बच्चे ही नजर आ रहे थे। जल झूलनी एकादशी के इस आयोजन को देखते हुए प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क और चौकन्ना दिखाई दिए। नीले रंग के ड्रेस में काफी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात रहा। पुलिस उपाधीक्षक अंता श्योजीलाल मीणा, दिग्विजय सिंह गुर्जर थानाधिकारी अंता, उपखंड अधिकारी अंता संजना जोशी, तहसीलदार अंता सुरेन्द्र सिंह गुर्जर भी पेट्रोलिंग करते हुए देखा गया।

अंता में जलझूलनी एकादशी पर देव यात्रा निकाली।

हिन्दी दिवस समारोह 15 को

- समारोह में छह साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा

बारां। अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं हिन्दी प्रचारिणी सभा द्वारा हिन्दी दिवस समारोह 15 सितम्बर को स्टेशन रोड स्थित हिंदी प्रचारिणी सभा भवन में आयोजित होगा। परिषद अध्यक्ष बच्छराज राजस्थानी व प्रेस सचिव राजेश पंकज ने बताया कि समारोह दो सत्रों में होगा। जिसमें प्रथम सत्र प्रात:10 बजे से प्रारंभ होगा। जिसका विषय 'हिन्दी भाषा का वैश्विक परिदृश्य: संभावना व चुनौतियाँ' विषय पर परिचर्चा होगी। इसमें 6 साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें डॉ. आदित्य कुमार कोटा, ओम सोनी मधुर अन्ता, आनंद हजारी कोटा, राम दिल कंडारा बारां, पुष्पदयाल वर्मा बारां व रामनिवास डांगोरिया बारां शामिल है। इसकी अध्यक्षता हिन्दी प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष रमेश गोयल करेंगे। मुख्य अतिथि कोटा के वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्रोफेसर डॉ. आदित्य कुमार गुप्ता होंगे। मंच को साहित्य परिषद् के प्रदेश उपाध्यक्ष,राजस्थान के प्रद्युम्न वर्मा सानिध्य प्रदान करेंगे। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष दयाचंद एवं शिक्षाविद् प्रह्लाद कुमार मीणा होंगे। सरस्वती वंदना परिषद् विभाग संयोजक गीतकार भेरवलाल भास्कर करेंगे। संचालन युवा साहित्यकार सत्येन्द्र वर्मा करेंगे। इस दौरान परिषद् द्वारा तीन विद्यालयों में आयोजित की गई निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 9 छात्र-छात्राओं का भी पुरस्कृत किया जाएगा। इसके बाद दोपहर बजे बाद दितीय सत्र में काव्य गोष्ठी होगी। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि जगदीश सोनी होंगे। अध्यक्षता परिषद के चित्तौड़ प्रांत सदस्य ओमप्रकाश शास्त्री करेंगे। विशिष्ट अतिथि परिषद् के जिला संयोजक सुनील शर्मा एवं मांगरोल के वरिष्ठ गीतकार जगदीश निराला होंगे। संचालन युवा कवि व परिषद् के महासचिव रमन अजमेरा करेंगे। हिन्दी प्रचारिणी सभा के सचिव ओम प्रकाश खण्डेलवाल ने समारोह में पूरे संभाग से साहित्यकारों व साहित्य प्रेमियों को भाग लेने का आग्रह किया है।

छीपाबड़ौद में नंद उत्सव मनाया

छीपाबड़ौद। क्षेत्र के हरनावदाशाहजी कस्बे के महाजन समाज नये मंदिर पर वैश्य महिला मंडल इकाई के तत्वावधान मे नंद उत्सव मनाया गया।

संगठन की स्थानीय अध्यक्ष विजयलक्ष्मी खंडेलवाल ने बताया कि कस्बे के महाजन समाज मंदिर परिसर मे महिलाओँ ने मिलकर नंद उत्सव धूमधाम से मनाया। इस दौरान कोषाध्यक्ष रमा गर्ग, संयोजिका संजना खंडेलवाल, आशा दोलिया, हेमा खंडेलवाल, हेमा बूसर, इन्द्रा नाटानी, आरती विजयवर्गीय, मधु खंडेलवाल, ममता नाटानी, आरती खंडेलवाल, सोना माहेश्वरी, रेखा खंडेलवाल, नेहा विजयवर्गीय, सीमा गर्ग, ज्योति शर्मा, रेखा नाटानी तथा निर्मला खंडेलवाल समेत अन्य महिलांए उपस्थित रही।

एसयूआई संगठन के छात्रों ने ज्ञापन दिया

रामगंजमंडी, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के सरकारी कॉलेज के एनएसयूआई संगठन से जुड़े विभिन्न छात्र छात्राओं ने प्राचार्य संजय सिंह गुर्जर को जयपुर शिक्षा आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में छात्र छात्राओं ने बताया की कला वर्ग में 26 सालों पुराना हमारा महाविद्यालय के छात्र कला वर्ग में सीमित विषय होने के कारण छात्र मजबूरन उन्हीं विषयो में अध्ययन कर रहे है हमारा महाविद्यालय आज भी उन्ही विषय में सीमित है। जो पहले से है जब से कॉलेज खुला था तब से महाविद्यालय दो संकाय में यूजी है।जिसमें कला वर्ग में पूर्व में जो विषय थे उन्हीं विषयों में छात्र पढ़ाई करते है अपनी स्वयं की इच्छा से अन्य विषय नही होने के कारण छात्रों को महाविद्यालय में इतिहास भूगोल संस्कृत से ही अध्ययन करना पड़ता है।जबकि अन्य विषय नही होने के कारण छात्रों को सालों से परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है अपनी इच्छा के अनुसार छात्र पढ़ाई नही कर पा रहे है। छात्रों की मांग है कि राजनीति विज्ञान।अंठोजी साहित्य समाज शास्त्र अन्य विषय यहां खोले जाए जिससे रामगंजमंडी क्षेत्र के मध्यम गरीब वर्ग के छात्रों को 90 किलोमीटर दूर कोटा 25 किलोमीटर दूर झालावाड़ नही जाना पड़े और ये विषय खुलने के बाद छात्र अपनी इच्छानुसार विषय लेकर यही अध्ययन कर सके।

हाडोती का ख्यातनाम डोल मेले का आगाज

बारां। हाडोती के ख्यातनाम डोल मेले का आगाज शनिवार को हैरतअंगेज अखाड़ा प्रदर्शन एवं देव विमानों की भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। भक्ति और शक्ति के अनूठे संगम की इस शोभायात्रा को देखने के लिए शहर समेत जिलेभर से बड़ी संख्या में महिला-पुरूष, युवा व बच्चे उमड़े। शोभायात्रा में आगे-आगे लगभग आधा दर्जन से अधिक व्यायाम शालाओं, संगठनों के अखाड़े व जुलूस थे। इनके पीछे श्रीजी मंदिर समेत विभिन्न समाजों के मंदिरों के सजे-धजे लगभग 58 देव विमान चले। आकर्षण का विशेष केंद्र रहे देव विमानों के आगे डीजे, बैंडबाजों व लाउड स्पीकर पर भजनों की धुन से माहौल भक्तिमय बना रहा।

झालर-शंख की सुमधुर ध्वनि के बीच भगवान पर चंवर ढुलाए जा रहे थे। विमानों के आगे-आगे रंग-बिरंगी परम्परागत पोशाकों में महिला-पुरूष व युवा भजनों की धुन पर नृत्य व डांडिया करते हुए चल रहे थे। श्रद्धालू जगह-जगह भगवान के दर्शन कर विमानों पर फल, पैसे आदि चढ़ाते रहे। सड़कों के दोनों तरफ मकानों, छज्जों, चबूतरों, फुटपाथ व थड़ों पर शोभायात्रा देखने के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी हुई थी। अखाड़ों में पहलवानों के हेरत अंगेज करतब देखकर लोग मंत्रमुग्ध हुए बिना न रह सके। दोपहर बाद बादल छाने और कुछ देर तक हल्की बूंदाबांदी से मौसम खुशनुमा हो गया था।

डोलियां में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की जन सुनवाई

सड़क बनाने की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

कोटा, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की शनिवार को रामगंजमंडी के डोलियां गांव में आयोजित जनसुनवाई क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत का सबब बनी। डोलियां, किशनपुरा और पृथ्वीपुर गांव के रहने वाले लोगों की वर्षों पुरानी सड़क की मांग शिविर में पूरी हो गई।

डोलियां गांव के लोगों ने शिविर में पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को बताया कि डोलियां गांव से किशनपुर एवं पृथ्वीपुर तक रोड नहीं है। कच्ची सड़क है जिससे आने-जाने में बहुत परेशानी होती है। बीमार व्यक्ति को लाने ले जाने में भी समस्या का सामना करना पड़ता है। इस पर मंत्री दिलावर ने उपस्थित अधिकारियों से जानकारी ली तो पता चला कि कुछ ग्रामवासी अपनी जमीन सड़क के लिए देने के लिए तैयार नहीं है। इससे सड़क बनना संभव नहीं हो पा रहा है। शिक्षा मंत्री ने सभी को मौके पर बुलाकर आपसी समझाइश की और सड़क बनाने के लिए सभी की सहमति मिलने की बाद अधिकारियों को शीघ्र ही पक्की सड़क बनाने के निर्देश दिए। शिविर में शिक्षा मंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर बावड़ीखेड़ा स्थित स्कूल में दो कमरों व चारदीवारी निर्माण की घोषणा की। साथ ही, रानपुर से डोलियां तक सड़क मरम्मत के पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बोराबास मे सड़क निर्माण के लिए 4 लाख रुपए देने की घोषणा। इसके अलावा अखावा में सौर ऊर्जा ट्यूबवेल पेयजल के लिए तथा आखावा पंचायत समिति में पुलिया निर्माण के लिए 6 लाख रुपए देने की घोषणा की। मंत्री ने शिविर में परिवेदना लेकर आए ग्रामीणों की पीड़ा सुनी और उनका निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को डोलियां गांव में स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत की। मंत्री ने स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और स्थानीय लोग मौजूद थे। पखवाड़े के तहत स्वच्छता बनाए रखने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के कार्यक्रम किए जाएंगे एवं 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया जाएगा।

अभियान के तहत स्वच्छता प्रतिज्ञा, स्वच्छता रैली, विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद, चित्रकला प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों के साथ श्रमदान के माध्यम से सफाई एवं सफाई मित्रों के लिए शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने सभी से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए राजस्थान को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने में अपना सहयोग करने की अपील की।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की रामगंजमंडी के डोलियां गांव में जनसुनवाई की।

'हिन्दी भाषा भारतीय संस्कृति की महान प्रतीक है'

झालावाड। पर्यटन विकास समिति द्वारा शनिवार को स्थानीय भवानी नाट्ययशाला परिसर में हिन्दी दिवस मनाया। इस अवसर पर एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि कोष कार्यालय के प्रथम सहायक लेखाधिकारी सालिगराम दांगी ने कहा कि आज हिन्दी का लेखन और बोलने का प्रचलन मोबाईल से लेकर विदेशी दूतावासों में भी प्रसारित हो गया है और यह भाषा हमारी भारतीय संस्कृति की महान प्रतीक है। समिति संयोजक ओम पाठक ने कहा कि यह गोष्ठी भवानी नाट्ययशाला में इसलिए रखी गई है कि यह धरोहर हिन्दी की इसलिए परिचायक है कि यहाँ 1921 से 1950 तक जितने भी विभिन्न भाषाओं के नाटक प्रस्तुत हुए वे सब हिन्दी के भावानुवाद में ही हुए थे। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल भाषा ही नहीं वरन् यह एक आत्मभाव और विचार है। गोष्ठी में शैलेन्द्र जैन 'गुनगुना' ने हिन्दी दिवस की महत्ता पर गीत प्रस्तुत किया।

– आम सूचना –

मैं मेरे पक्षकार पंकजेश मिश्रा पुत्र किशुन मिश्रा जाति ब्राह्मण निवासी गली नं. 3, नई बस्ती सोगरिया, कोटा जं. मोबाईल नं. 9694347702 की ओर से सर्वसाधारण को आम सूचना प्रसारित करता हूँ कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिप्य के भूखण्ड नं. आई सी 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 11, 12 प्रत्येक भूखण्ड की साईज 7 बाई 10 फुट अस्थायी सम्पूर्ण भूखण्डों का क्षेत्रफल 840 वर्ग फुट जो कि वार्के दीया पार्क फर्स्ट अनन्या अपार्टमेंट ग्राम हनुवतखेडा, तहसील लाडपुरा, कोटा पर स्थित है, जिसका भूखण्ड खसरा नं. 50 का एक भाग है, जिसका नियमानुसार कनवर्शन चार्ज जमा करवाकर यह भूखण्ड राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प 5(3) नविवि/3/99 दिनांक 10.07.1999 की अनुपालना में आवासीय हेतु नियमित कर नियमन दर पर राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 90 के तहत मेरे पक्षकार को आवंटित किये हुए है, जिनका पंजीयन सब रजिस्टार कार्यालय कोटा के यहां से नियमानुसार किया हुआ है, उक्त भूखण्डों पर अनन्या अपार्टमेंट के नाम से रखा गया है, मेरे पक्षकार को रुपयों की आवश्यकता होने से मेरे पक्षकार ने अपने उक्त फ्लेट संख्या ए 1, प्रथम तल पर निर्मित एक फ्लेट एवं ब्लोक बी द्वितीय तल में निर्मित 4 फ्लेट एवं ब्लाक सी एवं ब्लाक ई पांचवे तल मे निर्मित 4 फ्लेट कुल मिलाकर 17 फ्लेट एवं ग्राउण्ड फ्लोर पर निर्मित दुकान नं. 4, साईज 7 बाई 20 फुट एवं बिल्डिंग की छत वार्के अनन्या अपार्टमेंट दीया पार्क फर्स्ट फ्लोर ग्राम हनुवत खेडा, तहसील लाडपुरा, कोटा स्थित का बेचान का सौदा एक करोड रुपया में 1. शांतनु गुप्ता पुत्र रमाकांत गुप्ता निवासी- 615 ए तलवण्डी, कोटा, राजस्थान 2. निखिल श्रीवास्तव पुत्र श्री दिलीप श्रीवास्तव निवासी- सी 18, ओम एनक्लेव, अनन्तपुरा, कोटा 3. रामरतन द्विवेदी पुत्र बालकृष्ण द्विवेदी निवासी- फ्लेट नं. बी 908, शकुन एलेगन्स कर्णेश्वर हाउसिंग योजना, आनंदपुरा, कोटा 4. अतीश अग्रवाल पुत्र कैलाशचंद निवासी- फ्लेट नं. 301 ओ पी आधार अपार्टमेंट शक्ति नगर, दादाबाडी, कोटा से तय किया गया था ओर इकरारनामा के अनुसार मेरे पक्षकार ने परिसर का सम्पूर्ण कार्य पूर्ण कर दिया गया इसके बावजूद भी उक्त लोग मेरे पक्षकार को बकाया बेचान राशि अदा कर कब्जा प्राप्त कर रजिस्टरी अपने पक्ष मे नही करा रहे है, उनके द्वारा ग्रीष आप एग्रीमेंट किया गया है, यदि उक्त लोग उक्त परिसर की बकाया बेचान राशि 15 दिन मे अदा नहीं करते है ओर कब्जा प्राप्त कर अपने पक्ष में रजिस्टरी नही कराते है, तो सौदा कैंसिल माना जायेगा ओर उनका उक्त सम्पत्ति पर कोई हक अधिकार नही रहेगा, कोई व्यक्ति या शख्स उक्त सम्पत्ति के बाबत उक्त लोगो से किसी प्रकार का संव्यवहार नहीं करे यदि करते है, तो उसके लिए वे जिम्मेदार होगे, सूचित हो।

भवदीय

सतीश कुमार शर्मा, एडवोकेट

मो. 9413941862